चाहिए। Now, we will take up the Special Mentions. I request hon. Members to adhere strictly as per the approved text. Shrimati Sangeeta Yadav.

SPECIAL MENTIONS

Demand for efficacious implementation of Village Map application

श्रीमती संगीता यादव (उत्तर प्रदेश): महोदय, सबसे पहले मैं सरकार को ग्राम मानचित्र एप्लिकेशन लॉन्च करने के लिए हार्दिक बधाई देती हूँ। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्रामीण विकास में पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देने में सहायक होगा। विशेष रूप से आपदा प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को स्थानीय स्वशासन के साथ एकीकृत करना एक सराहनीय पहल है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और आपदाओं से निपटने में मदद करेगा।

मैं माननीय पंचायती राज मंत्री जी से आग्रह करना चाहूँगी कि सरकार इस एप्लिकेशन के माध्यम से प्रशासनिक सुधार और पारदर्शिता को ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रभावी रूप से लागू करे। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहे, ताकि आम नागरिकों को उनके अधिकारों और योजनाओं की सही जानकारी मिल सके।

इसके अतिरिक्त, मैं सरकार से यह भी अनुरोध करती हूँ कि ग्राम मानचित्र एप्लिकेशन के तहत आपदा प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को और भी अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जाए और इसका सकारात्मक प्रभाव गांवों तक पहुंचे, ताकि इन क्षेत्रों में स्थायित्व और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI VIKRAMJIT SINGH SAHNEY): Shri Satnam Singh Sandhu. Need to Conserve Jahaz Haveli in Punjab.

श्री सतनाम सिंह संधू : सर, मेरा स्पेशल मेंशन पंजाबी में है, इसलिए मैं पंजाबी में बोलना चाहता हूँ।

उपसभाध्यक्ष (श्री विक्रमजीत सिंह साहनी) : ठीक है, आप पंजाबी में बोलिए।

Need to Conserve Jahaz Haveli in Punjab

श्री सतनाम सिंह संधू (नामनिर्देशित) : [&] "महोदय, मैं सरकार का ध्यान सिख धर्म के लिए

[&] English translation of the original speech delivered in Punjabi.

दुनिया की सबसे महंगी ज़मीन खरीदने वाले हिंदू जैन वीर टोडरमल जी की विरासती हवेली की दुर्दशा की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। टोडरमल जी गुरु घर के बड़े श्रद्धालु थे और वे पंजाब के इतिहास में हिंदू-सिख भाईचारे की बड़ी मिसाल हैं। उन्होंने माता गुजरी जी और छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी का अंतिम संस्कार किया था।

इस कार्य के लिए उन्होंने सोने की 7,800 मोहरें खर्च करके उस समय दुनिया की सबसे महंगी ज़मीन खरीदी थी। तब से सिख हर साल फतेहगढ़ साहिब की धरती पर दीवान टोडरमल जी की महान सेवा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पर, यह बड़ी त्रासदी है कि हम पंजाब की धरती पर टोडरमल जी जैसे महान परोपकारी की विरासती यादगार हवेली की देखभाल नहीं कर सके, जबकि गुजरात के कच्छ में प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा गुरुद्वारा लखपत साहिब को संभालने के लिए विशिष्ट कार्य किया गया है। सदियों से यह हवेली ढहते-ढहते जर्जर हो चुकी है। इस महान विरासत की अनदेखी होना बेहद दुखदायी है।

मैं सरकार से सिख धर्म की इस ऐतिहासिक धरोहर को संभालने की पुरज़ोर अपील करता हूँ। मैं मांग करता हूँ कि हिंदू-सिख भाईचारे के प्रतीक इस पुरानी विरासत को संभालने के लिए भारत सरकार का पुरातत्व विभाग (ASI) शीघ्र से शीघ्र कदम उठाए, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ इस महान ऐतिहासिक विरासत को हमेशा याद रखें और प्रेरणा लें।"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI VIKRAMJIT SINGH SAHNEY): Thank you. आपने साहबजादों की शहादत के लिए बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। अभी बच्चों पर डिस्कशन हो रहा था। हिन्दी के कवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी इस पर लिखा हैः-

"जिस कौम के बच्चे यूँ दे सकते हैं बलिदान,
वर्तमान कुछ भी हो, भविष्य होगा महान, महान।"

The hon. Member, Dr. John Brittas (Kerala), associated himself with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Satnam Singh Sandhu.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI VIKRAMJIT SINGH SAHNEY): Next Special Mention is by Shri Ghanshyam Tiwari; demand for preserving the heritage of Jaipur city. मैं आदरणीय मेम्बर से दरख्वास्त करूंगा कि जिस लैंग्वेज में उन्होंने स्पेशल मेंशन दिया है और जो approved text है, उसी भाषा में वे निवेदन करें।

Demand for preserving the heritage of Jaipur City

श्री घनश्याम तिवाड़ी (राजस्थान) : महोदय, मैं इस सदन में राजस्थान राज्य के जयपुर शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर विशेष ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

जयपुर, जिसे 'पिंक सिटी' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय वास्तुकला, संस्कृति और इतिहास का एक अद्वितीय संगम है। यह शहर न केवल अपनी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के